राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
प्रेस–नोट

एफ 6(01)परीक्षा ग/व.अ./मा.शि./2022/1643 **दिनांक 12.10.2023**

वरिष्ठ अध्यापक–सामाजिक विज्ञान (मा.शि.) टी.एस.पी. एवं नॉन–टी.एस.पी. प्रतियोगी परीक्षा, 2022 के पदों की भर्ती के सम्बन्ध में आयोग द्वारा दिनांक 31.08.2023 को जारी की गई विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक 04.09.2023 से 14.09.2023 तक की गई।

उपरोक्तानुसार पात्रता जांच के दौरान अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज में कमी होने के कारण संबंधित काउन्टर द्वारा अभ्यर्थियों को प्रोविजनल/सशर्त किया गया था। इन अभ्यर्थियों को 07 दिवस के अन्तर्गत आयोग कार्यालय में वांछित दस्तावेज सहित अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु अभ्यर्थियों को तत्समय पत्र जारी किया गया था।

जिन अभ्यर्थियों द्वारा आज दिनांक तक वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये हैं, इन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रेस नोट जारी होने की दिनांक से आयोग कार्यालय में वांछित दस्तावेज 03 दिवस में उपलब्ध करावें, ताकि पात्रता जांच को अंतिम रुप दिया जा सके।

प्रोविजनल एवं सशर्त रहे अभ्यर्थियों को इस संबंध में उनके दूरभाष पर एस.एम.एस. भी प्रेषित किया जा रहा है।

प्रोविजनल एवं सशर्त रहे अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा तथा ना ही ऐसे अभ्यर्थियों को जारी किए जाने वाले अंतिम परिणाम में सम्मिलित किया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

प्रोविजनल अभ्यर्थियों की सूची हेतु आयोग की वेबसाईट का अवलोकन करें।

(रामनिवास मेहता)
सचिव